CS (Main) Exam, 2020 **वियोज्य** ***DETACHABLE***

# वाणिज्य व लेखाविधि (प्रश्न-पत्र I)

# COMMERCE AND ACCOUNTANCY (Paper I)

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घण्टे*<br>*Time Allowed : Three Hours* | *अधिकतम अंक : 250*<br>*Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए, तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH.**

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A'  SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following in about 150 words each :

1.(a) शुद्ध लाभ और प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ के बीच विभेदन कीजिए ।

Distinguish between Net Profit and Cash from Operating Activities. 10

1.(b) स्थिर परिसंपत्तियों की लागत के विभिन्न घटक क्या हैं ?

What are the various components of cost of fixed assets ? 10

1.(c) लागत नियंत्रण और लागत में कमी के बीच विभेदन कीजिए ।

Distinguish between cost control and cost reduction. 10

1.(d) व्यवसाय में हानि को आगे ले जाना और समंजन (हानि का निपटारा करना) से संबंधित कानूनी प्रावधानों का वर्णन कीजिए ।

State the provision of law relating to carry forward and set off of business loss. 10

1.(e) बैंकिंग कम्पनी का लेखा परीक्षण करते समय एक लेखा परीक्षक जिन विशेष बिन्दुओं पर विचार करेगा उनका विवेचन कीजिए ।

Discuss the special points that an auditor would take into consideration while auditing the accounts of a banking company. 10

2.(a) जेड लिमिटेड ने एक सूचीपत्र जारी किया जिसमें 2,00,000 ईक्विटी शेयर को प्रति शेयर ₹10 का प्रस्ताव निम्नलिखित शर्तों पर किया :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन के समय | — | ₹1 प्रति शेयर |
| आबंटन के समय (₹2, प्रीमियम के साथ) | — | ₹5 प्रति शेयर |
| पहली मांग पर (आबंटन के 3 महिने बाद) | — | ₹3 प्रति शेयर |
| अंतिम मांग पर (पहली मांग के 3 महिने बाद) | — | ₹3 प्रति शेयर |

23 अप्रेल को 3,27,000 शेयरो के लिए आवेदन रुपये मिले और 30 अप्रैल को इस प्रकार आबंटित किए गए ।

| | | शेयर आबंटित |
|---|---|---|
| (i) पूर्ण आबंटन | — | 38,000 |
| (ii) आवेदन के $\frac{2}{3}$ शेयर आबंटित | — | 1,60,000 |
| (iii) आवेदन के $\frac{1}{4}$ शेयर आबंटित | — | 2,000 |

₹41,000 का रोकड़ आवेदकों को तुरन्त वापिस किया (41,000 शेयरो के आवेदकों का, जिनको कोई आबंटन नही हुआ) । देय रकम तय समय पर मिली सिर्फ 100 शेयर ऐसे थे जिन्होंने अंतिम मांग नही दी । इन शेयरों को 15 नवम्बर को जब्त कर लिया गया और 16 नवम्बर को *A* को ₹9 प्रति शेयर पर पुनर्जारी किया गया ।

आपसे अपेक्षित है कि आवश्यक जर्नल (नकल बही) प्रविष्टियाँ दीजिए (बिना वर्णन के) ।

Z Ltd issued a prospectus offering 2,00,000 equity shares of ₹10 each on the following terms :

| | | |
|---|---|---|
| On application | — | ₹1 per share |
| On allotment (including premium of ₹2) | — | ₹5 per share |
| On first call (3 months after allotment) | — | ₹3 per share |
| On final call (3 months after first call) | — | ₹3 per share |

Application money was received for 3,27,000 shares on 23rd April and allotment made on 30th April was as under :

| | | | *Shares allotted* |
|---|---|---|---|
| (i) | Allotment in full | — | 38,000 |
| (ii) | Allotment of $\frac{2}{3}$ of shares applied for | — | 1,60,000 |
| (iii) | Allotment of $\frac{1}{4}$ of shares applied for | — | 2,000 |

Cash amounting to ₹41,000 (for 41,000 shares applied for upon which no allotment was made) was returned to applicants forthwith. The amounts due were received on due dates except with the final call on 100 shares. These shares were forfeited on 15th November and reissued to *A* on the 16th on payment of ₹9 per share.

You are required to give the necessary journal entries (without narratives). 20

2.(b) ऐ बी लिमिटेड आटो के पुर्जो का उत्पादन करती है । किसी एक पुर्जे की 1,00,000 इकाई का उत्पादन करने में निम्नलिखित लागत आती है :

| | | (₹) |
|---|---|---|
| प्रत्यक्ष सामग्री | — | 5 लाख |
| प्रत्यक्ष श्रम | — | 8 लाख |
| परिवर्त्ती कारखाना उपरिव्यय | — | 6 लाख |
| स्थिर कारखाना उपरिव्यय | — | 5 लाख |

पुर्जे का क्रय मूल्य ₹22 है । अगर पुर्जो को बाजार से खरीदा जाता है तो भी स्थिर कारखाना उपरिव्यय का खर्चा होगा परन्तु उस स्थिति में ₹2 लाख से कम हो जाएगा ।

चाहिए :

(i) पुरजा बनाना चाहिए या खरीदना चाहिए, ये मानते हुए कि अगर खरीदा जाता है तो वर्तमान उपलब्ध सुविधाएं निष्क्रिय होंगी ?

(ii) अगर उपलब्ध छोड़ी हुई क्षमता किसी दूसरी कम्पनी को ₹1,50,000 पर किराये पर दी जा सकती है, तब क्या निर्णय होगा ?

A B Ltd manufactures auto parts. The costs incurred for processing 1,00,000 units of a component are as follows :

| | | (₹ *in lakhs*) |
|---|---|---|
| Direct material | — | 5 |
| Direct labour | — | 8 |
| Variable factory overhead | — | 6 |
| Fixed factory overhead | — | 5 |

The purchase price of the component is ₹22. The fixed overhead would continue to be incurred even if the component is bought from outside although there would be a reduction of ₹2,00,000.

Required :

(i) Should the part be made or bought when the present facility released remains idle in the event of purchase ? and

(ii) If the released capacity can be rented out to another company for ₹1,50,000, what would be the decision ? 15

2.(c) अनुलाभ को परिभाषित कीजिए । आयकर नियमों के अन्तर्गत निशुल्क निवास एवं मेडिकल सुविधा का मूल्यांकन कैसे होता है ?

Define perquisite. How are rent free accommodation and medical facility valued under income tax rules ? 15

3.(a) *Y* के पास चेन्नई में दो गृह सम्पत्तियां हैं । दोनो गृह सम्पत्तियां उसके द्वारा अभिगृहीत हैं । गृह सम्पत्तियों का विवरण इस प्रकार है :

| | | **सम्पत्ति (I)**<br>₹ | **सम्पत्ति (II)**<br>₹ |
|---|---|---|---|
| वार्षिक म्यूनिसिपल मूल्यांकन | — | 1,20,000 | 1,15,000 |
| वार्षिक उचित किराया | — | 1,50,000 | 1,75,000 |
| वार्षिक मानक किराया | — | 1,00,000 | 1,65,000 |
| निर्माण पूर्ण होने की तिथि | — | 31.3.2009 | 31.3.2009 |
| साल के दौरान देय नगरीय कर | — | 12% | 8% |
| साल के दौरान सम्पत्तियों की मरम्मत के लिए, लिए गए ऋण पर ब्याज | — | – | 55,000 |

*Y* ने सिर्फ सम्पत्ति II का नगरीय कर दिया है। सम्पत्ति I का कर बकाया है। *Y* की गृह सम्पत्ति आय की गणना निर्धारण बर्ष के लिए करें।

सलाह :

(i) *Y* कौनसी सम्पत्ति को अभिगृहीत स्वाधिकार मूल्यांकन के लिए चुनेगा ? और

(ii) इसके लिए कारण बताएं।

*Y* has two houses in Chennai. He has self-occupied both the houses. The particulars of the houses are as follows :

| | | *House (I)* ₹ | *House (II)* ₹ |
|---|---|---|---|
| Municipal value per year | — | 1,20,000 | 1,15,000 |
| Fair rent per annum | — | 1,50,000 | 1,75,000 |
| Standard rent per year | — | 1,00,000 | 1,65,000 |
| Date of completion of construction | — | 31.3.2009 | 31.3.2009 |
| Municipal taxes payable during the year | — | 12% | 8% |
| Interest on amount borrowed for repair of both the houses during the current year | — | Nil | 55,000 |

*Y* has paid the municipal taxes for House II only. It is due for House I. Compute the house property income of *Y* for the assessment year.

Advice :

(i) Which house should be opted by *Y* to be assessed as self-occupied ? and

(ii) State the reasons for it. 20

3.(b) लाभ/परिमाण (P/V) अनुपात से आपका क्या तात्पर्य है ? इसकी गणना कैसे होती है ? सम-विच्छेद विश्लेषण बी.इ.पी में इसकी क्या उपयोगिताएं हैं ?

What do you mean by P/V ratio ? How is it computed ? What are its uses in BEP analysis ? 15

3.(c) प्रसामान्य अपव्यय एवं अप्रसामान्य अपव्यय का क्या मतलब है ? प्रक्रम लागत निर्धारण में इनको किस प्रकार निरूपित किया जाता है, स्पष्ट कीजिए।

What is meant by normal wastage and abnormal wastage ? State how are they treated in process costing. 15

4.(a) क्लाउड लिमिटेड की 31.03.20X1 तक की सूचना निम्नलिखित है :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| 2000 ईक्विटी शेयर, प्रति शेयर ₹100 | — | 2,00,000 |
| 1000, 6% ऋणपत्र, प्रत्येक ₹100 | — | 1,00,000 |
| ऋणपत्र का ब्याज बकाया | — | 12,000 |
| व्यापारिक लेनदार | — | 50,000 |
| स्थायी परिसंपत्तियां | — | 2,00,000 |
| चालू परिसंपत्तियां | — | 65,000 |
| स्थायी परिसंपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन | — | 1,06,000 |
| चालू परिसंपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन | — | 48,000 |

निम्नलिखित योजना पर पूर्ण सहमति एवं न्यायालय की स्वीकृती थी :

(i) शेयरों को ₹5 प्रत्येक पर उप-विभाजित किया गया और 90% शेयरों का अभ्यर्पण (सरेंडर) किया गया।

(ii) ऋणपत्र धारियों के कुल दावे को घटाकर ₹59,000 किया गया और इसके लिए उन्हें ₹20,000 के ईक्विटी शेयर (सरेंडर शेयरों में से) भी आबंटित किये गये।

(iii) लेनदार अपने दावे को ₹30,000 कम करने पर सहमत हुए जिसके $\frac{1}{3}$ हिस्से को सरेंडर शेयरो में से इक्विटी शेयरों को जारी करके संतुष्ट किया गया।

(iv) जिन शेयरों को सरेंडर किया गया था परन्तु दुबारा जारी नही हुए, उनको रद्द किया गया।

पुनर्निर्माण के लिए आपको आवश्यक जर्नल (नकल बही) प्रविष्टियाँ तैयार करनी है।

The following information relates to Cloud Ltd as on 31.03.20X1 :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| 2000 Equity shares of ₹100 each | — | 2,00,000 |
| 1000 6% Debentures of ₹100 each | — | 1,00,000 |
| Interest on Debenture outstanding | — | 12,000 |
| Trade Creditors | — | 50,000 |
| Fixed Assets | — | 2,00,000 |
| Current Assets | — | 65,000 |
| Fixed Assets revalued at | — | 1,06,000 |
| Current Assets revalued at | — | 48,000 |

The following scheme was duly agreed and approved by the court :

(i) The shares were sub-divided into shares of ₹5 each and 90 per cent of the shares were surrendered.

(ii) The total claims of debenture holders were reduced to ₹59,000 and in consideration of this, they were also allotted shares (out of surrendered shares) amounting to ₹20,000.

(iii) The creditors agreed to reduce their claims to ₹30,000, $\frac{1}{3}$ of which was satisfied by issue of equity shares out of those surrendered.

(iv) The shares surrendered but not re-issued were cancelled.

You are required to draft the necessary journal entries for the reconstruction. 20

4.(b) प्रभागीय निष्पादन को मापने की महत्त्वपूर्ण विधियों का संक्षेप में विवेचन कीजिए।

Briefly discuss the important methods of measuring divisional performance. 15

4.(c) विभाज्य लाभ क्या है ? लेखा अधिकारी कैसे सुनिश्चित करेगा कि लाभांश का भुगतान पूंजी में से नहीं किया गया ?

What is divisible profit ? How could an auditor ensure that the dividend is not paid out of capital ? 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following in about 150 words each :

5.(a) गोर्डन का शेयर मूल्यांकन माडल स्पष्ट कीजिए और इस माडल के अंतर्गत किस स्थिति में लाभांश नीति अप्रासंगिक होती है, वर्णन कीजिए।

Explain Gordon's share valuation model and state in which case dividend policy is irrelevant under this model. 10

5.(b) जोखिम निवेशों का मूल्यांकन करने के लिए डीसीजन-ट्री अपरोच (उपगमन) की विवेचना कीजिए।

Discuss the Decision-Tree approach for evaluating risky investments. 10

5.(c) ईक्विटी की लागत और डिबेंचर की लागत में से कौनसी कम होती है और क्यों ?

Out of cost of equity and cost of debt, which one is lower and why ? 10

5.(d) भारतीय वित्तीय प्रणाली के घटकों की संक्षेप में विवेचना कीजिए।

Briefly explain the components of Indian financial system. 10

5.(e) प्राथमिक बाजार में प्रतिभूतियों को जारी करने की विधियों को बताइए।

Enumerate the methods of issue of securities in the primary market. 10

6.(a) एक परियोजना से प्रत्याशित रोकड़ प्रवाह इस प्रकार हैं :

| वर्ष | | रोकड़ प्रवाह (₹) |
|---|---|---|
| 0 | — | (–) 1,00,000 |
| 1 | — | 40,000 |
| 2 | — | 50,000 |
| 3 | — | 40,000 |

पूंजी लागत 10% है ।

गणना कीजिए : (i) ऋण वापसी की अवधि (पे-बैक पीरियड)

(ii) शुद्ध वर्तमान मूल्य (नेट प्रेज़ेन्ट वैल्यू)

(iii) छूट के बाद ऋण वापसी की अवधि (डिस्काउंटिड पे-बैक पीरियड)

(iv) लाभप्रदता सूची (प्रोफिटेबिलिटी इंडेक्स)

The expected cash flows of a project are as follows :

| *Year* | | *Cash flows* (₹) |
|---|---|---|
| 0 | — | (–) 1,00,000 |
| 1 | — | 40,000 |
| 2 | — | 50,000 |
| 3 | — | 40,000 |

The cost of capital is 10 per cent.

Calculate : (i) Payback period

(ii) Net present value

(iii) Discounted payback period

(iv) Profitability Index 20

6.(b) मिलर और ओर मॉडल का उपयोग करते हुए, प्रबंधकीय हस्तक्षेप से रोकड़ शेष को कैसे सीमाओं में बनाए रखा जाता है, स्पष्ट कीजिए ।

Explain how with managerial intervention cash balance is maintained within limits using Miller and Orr model. 15

6.(c) निम्नलिखित अनुपातों को परिभाषित कीजिए एवं उनकी तुलना कीजिए :

(i) परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (आर ओ ए)

(ii) विनियोजित पूंजी पर प्रतिफल (आर ओ सी ई)

(iii) ईक्विटी पर प्रतिफल (आर ओ ई)

Define and compare the following ratios :

(i) Return on Assets (ROA)

(ii) Return on Capital Employed (ROCE)

(iii) Return on Equity (ROE) 15

7.(a) निम्नलिखित आंकड़ो से दो परिस्थितियाँ I और II एवं दो वित्तिय योजनाओं A और B के अधीन गणना कीजिए :

(i) प्रचालन उत्तोलक की मात्रा

(ii) वित्तीय उत्तोलक की मात्रा

(iii) संयुक्त उत्तोलक की मात्रा

| | ₹ |
|---|---|
| बिक्री | 90,000 |
| परिवर्ती लागत | 45,000 |
| नियत क्रियाकलाप लागत : | |
| परिस्थिति I | 15,000 |
| परिस्थिति II | 20,000 |
| नियत वित्तीय लागत : | |
| योजना A | 20,000 |
| योजना B | 10,000 |

Calculate degree of

(i) operating leverage

(ii) financial leverage

(iii) combined leverage

from the following data under situations I and II and financial plans A and B.

| | ₹ |
|---|---|
| Sales | 90,000 |
| Variable cost | 45,000 |
| Fixed operating costs : | |
| Situation I | 15,000 |
| Situation II | 20,000 |
| Fixed financial costs : | |
| Plan A | 20,000 |
| Plan B | 10,000 |

20

7.(b) एक्स लिमिटेड बाजार मूल्य आधारित शेयर जारी करके वाई लिमिटेड को अपने अधिकार में लेने का विचार कर रही है। निम्नलिखित आंकड़े उपलब्ध हैं :

(₹'00000)

| | एक्स लिमिटेड | वाई लिमिटेड |
|---|---|---|
| पी ए टी | 40 | 20 |
| ईक्विटी शेयरों की संख्या (लाखों में) | 5 | 4 |
| पी/ई अनुपात | 10 | 8 |

बताइये :

(i) एक्स लिमिटेड और वाई लिमिटेड के शेयरों का बाजार मूल्य।

(ii) एक्स लिमिटेड द्वारा वाई लिमिटेड को अधिकार में लेने के लिए जारी किए गए शेयरों की संख्या।

(iii) विलय के बाद एक्स लिमिटेड के इक्विटी शेयरों की संख्या।

X Ltd is contemplating taking over Y Ltd by issue of shares based on market price of shares. The following data are available :

(₹'00000)

| | X Ltd | Y Ltd |
|---|---|---|
| PAT | 40 | 20 |
| No. of equity shares (in lakhs) | 5 | 4 |
| P/E ratio | 10 | 8 |

Find :

(i) Market price of shares of X Ltd and Y Ltd

(ii) Number of shares to be issued by X Ltd for taking over Y Ltd

(iii) Number of equity shares of X Ltd after merger. 15

7.(c) शेयर बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा करने के लिए एस ई बी आई के पास कौन से अधिकार निहित हैं ?

What are the powers vested with the SEBI to protect the interests of investors in the stock market ? 15

8.(a) जेनिथ कॉरपोरेशन अपने ग्राहकों को 30 दिन का उधार प्रदान करती है। इसकी वर्तमान बिक्री का स्तर ₹50 लाख है। फर्म की पूंजी लागत 10% है और बिक्री का परिवर्त्ती लागत अनुपात 0·85 है।

जेनिथ उधार अवधि को बढ़ाकर 60 दिन का करने पर विचार कर रही है। इस बढ़त से संभावना है कि बिक्री ₹5 लाख अधिक बढ़ जाएगी। बिक्री के साथ डूबत ऋण का अनुपात 1% से बढ़कर 2% हो जाएगा।

उधार अवधि बढ़ाने से लाभ पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए। कर की उपेक्षा करें और वर्ष में 360 दिन माने।

Zenith Corporation provides 30 days credit to its customers. Its present level of sales is ₹50 lakhs. The firm's cost of capital is 10 per cent and the ratio of variable costs to sales is 0·85.

Zenith is considering extension of credit period to 60 days. Such an extension is likely to push sales up by ₹5 lakhs. The bad debt proportion to sales would rise from 1 per cent to 2 per cent.

Evaluate impact of extension of credit period on profits. Ignore tax and assume 360 days a year. 20

8.(b) पूंजी संरचना के एन ओ आई (नेट ऑपरेटिंग इनकम) माडल को स्पष्ट कीजिए।

एक फर्म की ईक्विटी लागत 15% है जब ऋण का अनुपात शून्य है। एन ओ आई माडल के अनुसार इसकी संपूर्ण पूंजी लागत क्या होगी जब ऋण का अनुपात 40% है ?

Explain NOI (Net Operating Income) model of capital structure.

A firm's cost of equity at zero leverage is 15 per cent. What would be its overall cost of capital at 40 per cent leverage under NOI model ? 15

8.(c) साख निर्धारण से आप क्या समझते हैं ? सी ए आर ई (क्रेडिट एनालिसिस एंड रिसर्च) के द्वारा प्रयुक्त साख निर्धारण कार्यप्रणाली को स्पष्ट कीजिए।

What do you mean by credit rating ? State the credit rating methodology followed by CARE (Credit Analysis and Research) 15